**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 नवंबर 2024, समय 1305 (05 मिनट)**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन-डी.आर.डी.ओ ने कल ओडिशा तट पर डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम द्वीप से भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को सशस्त्र बलों के लिए डेढ हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उड़ान-परीक्षण को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिससे भारत, महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों की क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। उन्होंने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग को बधाई दी।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को मौजूदा मौसम और धुंध की स्थिति के मद्देनज़र सड़क सुरक्षा के लिए राज्य भर में सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर सफेद रिफ्लेक्टिव पट्टियाँ लगाने के निर्देश दिए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसका उद्देश्य दृश्यता बढ़ाना और घनी धुंध के कारण कम दृश्यता की अवधि के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने इन सफेद पट्टियों को लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जो प्रतिकूल मौसम की स्थिति के दौरान दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने और वाहन चालकों के लिए एक प्रभावी मार्गदर्शक के रूप में काम करेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिना देरी किए यह कार्य पूरा करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सड़क सुरक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने सभी से धुंध के दौरान सड़क पर सावधानी बरतने और यातायात सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह भी किया।

************************************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को तुपका सिंचाई और अन्य जल संरक्षण पहलों सहित सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रीमती चौधरी कल चंडीगढ़ में सूक्ष्म सिंचाई कमान क्षेत्र और हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने जलभराव की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बीच सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। श्रीमती चौधरी

ने आगे निर्देश दिया कि प्रदेशभर में जल पृथक्करण का आकलन करने के लिए एक सप्ताह के भीतर एक व्यापक सर्वेक्षण किया जाए। सर्वेक्षण यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित होगा कि औद्योगिक अपशिष्ट जल और सीवेज उपचार संयंत्रों एवं सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्रों से उपचारित जल स्वच्छ जल स्रोतों के साथ मिश्रित न हो। मंत्री ने नई जल भंडारण परियोजनाओं की पहचान करने का आह्वान किया तथा हरियाणा भूजल विनियामक प्राधिकरण से इस संबंध में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया।

*********************************************************************

पानीपत के समालखा में कल तीन दिवसीय निरंकारी संत समागम शुरू हो गया, जिसमें 60 देशों सहित विभिन्न राज्यो से 7 से 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुँचने का अनुमान है। 700 एकड़ क्षेत्र में आयोजित समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा व निरंकारी राजपिता समित अनुयायियों का आध्यात्मिक एवं नैतिक मार्गदर्शन कर रहे हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन के पश्चात 19 नवम्बर को जरुरतमंद लड़कियों का सामुहिक विवाह किया जाएगा। संत समागम को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवाजाही सुचारू बनाये रखने और सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध किया गया है।

*********************************************************************

हरियाणा सरकार ने हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता के लिए सब्सिडी योजना लागू की गई है। हरियाणा उदय अभियान के तहत यह नई योजना हरियाणा महिला विकास के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए शुरू की गई है। हरियाणा महिला विकास निगम के प्रवक्ता ने बताया कि योजना के लाभार्थी को ऋण के समय पर पुनर्भुगतान के मामले में निगम द्वारा बैंकों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर पर तीन वर्षो के लिए 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। अधिकतम ऋण सीमा 5 लाख रुपये तक है। ऋण के संवितरण के बाद अधिस्थगन अवधि तीन महीने की होगी। इस योजना के तहत महिलायें ऑटो रिक्शा, टैक्सी, सैलून, ब्यूटी पार्लर, कटाई सिलाई , बुटीक, फोटोकॉपी की दुकान, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाने, हथकरघा, बैग बनाने, कैंटीन सेवा इत्यादि का अपना काम शुरू कर सकती है। हरियाणा की मूल निवासी महिलाएं जिनकी परिवार पहचान पत्र के अनुसार आय 5 लाख रुपये से अधिक नहीं है, इस योजना का लाभ ले सकती हैं।

*********************************************************************